दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास




## गांजा तस्करी करते अपचारी बालक सहित एक युवक को सरिया पुलिस ने पकड़ा

### » 04 केजी. गांजा, मोटर सायकल व 02 मोबाईल जप्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** प्रभारी थाना सरिया प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चंद्रवंशी एवं हमराह स्टाफ द्वारा थाना सरिया अन्तर्गत दिनांक 16/11/19 के दोपहर को अमलीपाली मेन रोड पर मुखबिर सूचना पर नाकेबंदी कर बिना नम्बर अपाचे मोटर सायकल पर ओडिसा भुक्ता से बैग में भरकर गांजा लेकर आते हुये 02 लड़कों को पकड़े। बैग के अंदर 1-1 किलोग्राम के 04 पैकेट कुल 04 केजी. गांजा पाया गया है। आरोपी लखीराम चौहान पिता निलकंठ चौहान उम्र 24 वर्ष सा0 परसी थाना मालखरौदा जिला जांजगीर चाम्पा एवं अपचारी बालक (17साल/6) माह से उनकी बिना नम्बर मोटर सायकल अपाचे, दो माबाईल एवं अवैध गांजा 04 केजी. जप्त कर थाना सरिया में 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही किया गया है

## लातनाला किनारे जुआ फड से 13,980 रूपये जप्त, सारंगढ़ पुलिस की जुआ एक्ट कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक ए.के. खान व हमराह स्टाफ द्वारा दिनांक 16.11.2019 को ग्राम टिमरलगा लात नाला किनारे जुआ खेल रहे व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़े। जुआ रेड कार्यवाही दौरान कुछ लोग पुलिस को देखकर भाग गये मौके पर जुआ खेलते मिले जुआड़ियान 1. विश्वकर्मा भास्कर पिता जोहितराम भास्कर उम्र 35 वर्ष साकिन गुडेली सारंगढ 2. परमानंद सोनवानी पिता बृजराम सोनवानी उम्र 35 वर्ष साकिन झरियापारा सारंगढ, 3. मनोज पटेल पिता बहिबरन पटेल उम्र 33 वर्ष साकिन टिमरलगा सारंगढ 4. रमेश कुमार अग्रवाल पिता दीपचंद अग्रवाल उम्र 67 वर्ष साकिन टिमरलगा सारंगढ 5. राजकुमार बंजारे पिता भागीरथी बंजारे उम्र 44 वर्ष साकिन ग्वालिनडीह सारंगढ 6. अनुप भारद्वाज पिता धनऊ भारद्वाज उम्र 32 वर्ष साकिन चंदाई सारंगढ पकड़े गये जिनके फड़ एवं पास से जुमला नगदी रकम 13980 रूपये तथा 52 पत्ती तास जप्त किया गया है। जुआरियों पर थाना सारंगढ़ में 13 जुइ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

## ट्रेक्टर पलटने से चालक फौत, 02 घायल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना लैलूंगा अन्तर्गत ग्राम सुबरा में रहने वाला गौतम गोड पिता हीरा साय गोड उम्र 33 साल तीन साल से गांव के अगम साय सिदार की ट्रेक्टर क्र0 सीजी 13 यूई 6794 को चलाता है। दिनांक 16.11.19 के सुबह गौतम गोड अपने सुबरा नाला किनारे खेत को को जोताई करने के लिये अगम साय की ट्रेक्टर गया था। उसके साथ गांव का विजय सिदार एवं विद्याधर सिदार भी थे। ट्रेक्टर से खेत का जोताई करते समय दोपहर करीब 02/45 बजे ट्रेक्टर को गौतम गोड़ लापरवाही पूर्वक चलाते हुये खेत के बगल के नाला में पल्टी कर दिया जिससे चालक गौतम गोड मौके पर ट्रेक्टर से दबकर फौत हो गया तथा वृद्यिाधर एवं विजय सिदार को चोंट आया है। आहतों को डायल 112 ईआरव्ही वाहन से लैलूंगा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में चालक गौतम गोड के विरूद्ध अप.क्र. 258/19 धारा 279,337,304ए भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## अवैध धान के परिवहन पर रोक लगाने के लिए एसडीएम सारंगढ़ चंद्रकांत वर्मा की कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** एसडीएम सारंगढ़ चंद्रकांत वर्मा ने अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के लिए बरमकेला तहसील में कार्यवाही की। अपने दौरे के दौरान उन्होंने अनुविभाग सारंगढ़ के तहसील बरमकेला अंतर्गत तीन प्रकरण अंतर्गत 260 बोरे में 104 क्विंटल धान जप्त किया। बरमकेला, सोगड़ा (ओड़िसा) तथा सरिया में आइसर ट्रैक्टर में बिना नंबर के वाहन से अवैध धान जप्त किया गया। जिनमें क्रमशः पहले प्रकरण में 120 बोरा धान जो 48 क्विंटल है उसे जप्त करते हुए बरमकेला थाना के सुपुर्द किया गया। इसी तरह दूसरे प्रकरण में 60 बोरा धान जो 24 क्विंटल है एवं तीसरे प्रकरण में 80 बोरा धान जो 32 क्विंटल है उसे जप्त करते हुए सरिया थाना के सुपुर्द किया गया।

## जिला अस्पताल और मातृ शिशु अस्पताल का औचक निरीक्षण

**बिलासपुर।** कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रितेश कुमार अग्रवाल और सहायक कलेक्टर देवेश ध्रुव ने कल रात को जिला अस्पताल और मातृ-शिशु अस्पताल का औचक निरीक्षण कर इन अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये। मातृ-शिशु अस्पताल की बाउंड्रीवाल का मरम्मत करने का निर्देश दिया। साथ ही अस्पतालों में साफ-सफाई हेतु निर्देश दिया। अधिकारियों ने जिला अस्पताल के केजुअल्टी वार्ड, मातृ-शिशु अस्पताल के साथ-साथ रेडक्रास के मेडिकल शॉप का भी निरीक्षण किया और उपलब्ध दवाईयों के बारे में भी जानकारी ली।

# आयुर्वेद एवं होम्योपैथी की ओर बढ़ा है जनसामान्य का रूझान-विधायक प्रकाश

### » जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला आयोजित







**न्याय साक्षी/रायगढ़।** विधायक प्रकाश नायक ने आज पंजरी प्लाट स्थित शासकीय जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय में आयोजित जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ भगवान धनवन्तरी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। अपने उद्बोधन में विधायक नायक ने कहा कि आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा ऐसी चिकित्सा विधाएं है जिनका कोई साईड इफेक्ट नहीं है। ऐसे मरीज जिनका इलाज होना लगभग नामुमकिन लग रहा था उनका भी इलाज आयुर्वेद के जरिए संभव हो सका है और आयुर्वेद, होम्योपैथिक विधाओं के माध्यम से उपचार कराने में लोगों का रूझान बढ़ा है। उन्होंने लकवा के गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज को इलाज के बाद चलते-फिरते देखकर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि जनसामान्य आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा से ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाये। उन्होंने कहा कि शासकीय जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने पंचकर्म के लिए स्टॉफ हेतु प्रस्ताव बनाकर देने के लिए कहा। डीएमएफ से भौतिक संसाधनों की कमी को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। विकासखण्ड स्तर पर भी ऐसे ही शिविरों का आयोजन करते रहे। उन्होंने कहा कि डेंगू जैसी बीमारी जो कि एक प्राकृतिक आपदा की तरह है इससे मुक्ति पाने के लिए भी शहर को शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की सेवाओं की जरूरत है।

सभापति सलीम नियारिया ने कहा कि आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक में लोगों की रूचि बढ़ी है और इस क्षेत्र में नई चिकित्सा पद्धतियों का विस्तार हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी आयुर्वेदिक चिकित्सा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का लाभ उठायें। सभी चिकित्सकों से कहा कि अपने कर्तव्यों का पालन ऐसे ही ईमानदारी एवं जिम्मेदारी पूर्वक करते रहे।

कार्यक्रम में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.जी.एस.पटेल ने कार्यक्रम के आरंभ में जिले में संचालित कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि रायगढ़ में 85 आयुष संस्थाएं कार्यरत है जिनमें 58 चिकित्सक सेवाएं दे रहे हैं। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.नीरज कुमार मिश्रा ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा के लिए 18 नवम्बर 2019 को संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। पाइल्स जैसी बीमारियों के लिए भी औषधि एवं क्षार सूत्र जैसी चिकित्सा पद्धति है, जिसके महत्वपूर्ण परिणाम मिले है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति अमृतमयी है। चिकित्सा की सभी विधाएं चाहे वह एलोपैथी हो या आयुर्वेदिक एक दूसरे के पूरक है। सभी विधाएं एक-दूसरे का सहयोग करते हुए वैज्ञानिक तरीके से कार्य करते हुए आगे बढ़ रही है। इन विधाओं के आपसी समन्वय से जो परिणाम आयेंगे वह जनसामान्य के लिए बेहद लाभकारी होगा।

आयुष मेले में आयुर्वेदीय पंचकर्म चिकित्सा एवं प्रदर्शनी, ऋतु जन्य बीमारियों से बचाव एवं उपचार, औषधीय पौधों की पहचान एवं चिकित्सकीय उपयोग की जानकारी, निःशुल्क गुडूच्यादि काढ़ा वितरण, पर्यावरण एवं आयुर्वेद संबंधी जानकारी, अर्श एवं भगंदर के रोगियों का परीक्षण निःशुल्क किया गया। इस मेले में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से अनुभवी चिकित्सकों द्वारा विभिन्न प्रकार की व्याधियों जैसे वात, श्वास, कास, जीर्णज्वर, चर्मरोग, स्त्रीरोग, अर्श भंगदर, पाण्डु, जरा एवं दौर्बल्य, वृक्क विकार तथा अन्य जटिल रोगों का निदान कर निःशुल्क औषधि वितरण किया गया।

## लकवा की गंभीर बीमारी से आयुर्वेद के पंचकर्म से स्वस्थ हुए राजेश गुप्ता

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला में आज केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड के राजेश गुप्ता अपनी पत्नी के साथ पहुंचे थे। उनकी पत्नी श्रीमती पुष्पा गुप्ता ने बताया कि उनके पति राजेश गुप्ता लकवा (पैरालाइसिस)एवं स्टीमिक स्ट्रा की बीमारी से ग्रसित थे और वे बीमारी की वजह से बिस्तर पर थे। जिनका इलाज शासकीय आयुर्वेदिक जिला चिकित्सालय में डॉ.नीरज मिश्रा एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि पंचकर्म की विधाओं का उपयोग करते हुए स्वांग स्नेहन, स्वांग स्वेदन, शिरोधारा, नस्य कर्म, अनुवाशन बस्ति के द्वारा इनका इलाज किया गया। उन्होंने



कहा कि अब इलाज के बेहतरीन परिणाम सामने आये और वे स्वयं अपने बलबूते पर चल रहे है।

उल्लेखनीय है कि पंचकर्म में वमन, विरेचन, नस्य बस्ति, रक्तमोक्षन के माध्यम से शरीर का शुद्धिकरण किया जाता है इसमें स्नेहन अर्थात तेल की मालिश, संवेदन अर्थात काढ़े का भाप देकर चिकित्सा की जाती है। यह बीमारी गंभीर बीमारियों के अलावा खांसी, श्वास, वात, पित्त एवं अन्य बीमारियों में कारगर होती है। यह स्वस्थ व्यक्ति के लिए भी प्रभावशील है। वाष्प संवेदन, ताप संवेदन एवं शिरोधारा के माध्यम से भी इलाज किया जाता है। शिरोधारा चिकित्सा तनाव एवं निराशा के मरीजों के लिए अत्यंत उपयोगी है।

## धान के अवैध परिवहन व भण्डारण के प्रकरण में अब तक 1735 क्विंटल धान जप्त



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जनक प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। अब तक एक हजार 735 क्विंटल धान राजस्व, पुलिस, खाद्य, विपणन, सहकारी बैंक की संयुक्त टीम द्वारा मण्डी अधिनियम के तहत धान जप्ती की कार्यवाही की गयी। जप्त किए गए धान का बाजार मूल्य करीब 26 लाख रूपए है। धान के अवैध परिवहन के प्रकरण में चार वाहन भी जप्त किया गया है।

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज रविवार को पामगढ़, डभरा (सपोस), मालखरौदा (अमलीडीह व मुड़पार), सक्ती, नवागढ़ (पोड़ीरांछा), चांपा (सारागांव), जैजैपुर और बलौदा (जर्वे च) में कार्यवाही कर मण्डी अधिनियम के तहत धान जप्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पामगढ़ में धान के अवैध परिवहन के प्रकरण में करीब 110 क्विंटल धान मण्डी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर जप्ति की गयी। इसी प्रकार डभरा सपोस में दो व्यापारियों से लगभग 88 क्विंटल धान, बलौदा के ग्राम जर्वे में 246 क्विंटल धान, सक्ती में 152 क्विंटल, मालखरौदा के ग्राम अमलीडीह में सात क्विंटल व ग्राम मुड़पार में 16 क्विंटल धान जप्त किया गया। इसके अलावा जैजैपुर, बम्हनीडीह (सारागांव) और सक्ती में भी धान मण्डी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी है।

## हाई स्कूल चांदमारी के छात्र-छात्राओं द्वारा लगाया गया पाक मेला



### » पाक कला जीवन की अहम शिक्षा - रामदास अग्रवाल

**न्याय साक्षी/ रायगढ़।** शासकीय हाईस्कूल चांदमारी के छात्र - छात्राओं द्वारा स्कूल परिसर में पाक मेला का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय मंत्री तथा रामदास द्रौपदी फॉउन्डेशन के संरक्षक रामदास अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी मनेन्द्र श्रीवास्तव, सरला साहा प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टारपाली, अमिता मिश्रा प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल चांदमारी, अर्चना स्वर्णकार व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल चांदमारी, सविता टाक व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल चांदमारी, सरिता चैबे सामुदायिक शिक्षक शासकीय हाईस्कूल चांदमारी, डॉ. मनीषा त्रिपाठी प्रधानपाठक शासकीय रविशंकर विद्यालय चांदमारी, पुनीराम चैहान व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल चांदमारी, गुलाम रहमान पूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष चांदमारी, मेहर निशा भाजपा जिला महामंत्री अल्प संख्यक प्रकोष्ठ, षिक्षाविद प्रताप सिंह खोड़ियार, राधेष्याम श्रीवास्तव राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक, रमेश देवांगन डी.पी.सी. रायगढ़ सहित नगर के दर्जनों गणमान्य जन शासकीय हाईस्कूल चांदमारी के छात्र - छात्राओं द्वारा स्कूल परिसर में लगाये गये पाक मेला का निरिक्षण किया और छात्र - छात्राओं द्वारा लगाये गये स्टाल के व्यंजनों का आनंद लिया।

## लांयनेस क्लब रायगढ़ सिटी ने मधुमेह दिवस पर की अनूठी पहल

### » शहर में जनसेवा को समर्पित लोगों के बीच अपनी एक अलग पहचान बना चुके

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लांयनेस क्लब सिटी ने वैसे तो जनहित के अनेकों कार्य किये हैं। आपको पता ही होगा कि 14 नवम्बर को बाल दिवस के रूप देश भर में बड़े धूम धूम से मनाया जाता है। वही आपको यह भी जानकारी होगी कि उसी दिन मधुमेह दिवस भी मनाया जाता है। बाल दिवस एवं मधुमेह दिवस के अवसर पर लांयनेस क्लब रायगढ़ सिटी के द्वारा शासकीय किरोड़ीमल नगर हाई स्कूल में जाकर वहां शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र छात्राओं का ब्लड ग्रुप और केंसर जांच किया गया। साथ ही बाल दिवस के अवसर पर स्कूल के बच्चों को कई प्रकार के खेल भी खिलाया गया। जिसमें बच्चों को दो तीन प्रमुख विषयों को लेकर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

दिन दिन बढ़ रही मधुमेह रोग को लेकर लांयनेस क्लब की टीम ने मधुमेह दिवस के दिन स्कूल प्रांगण में मधुमेह जांच शिविर लगाया। जिसमें अधिक से अधिक छात्र छात्राओं ने जमकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित डॉ. काकोली पटनायक ने मधुमेह के कारण व लक्षण को विस्तार से बाताया वही उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए कहा हमे आरामदायक जीवनशैली व जंक फूड का त्याग कर निरन्तर प्रतिदिन योग करने की बात कही। ततपश्चात लांयनेस क्लब सिटी अध्यक्ष किरण उरांव ने अपने उदबोधन में कहा

मानवता का परिचय देते हुवे उन्होंने लोगो को जनहित के कार्य करते रहने की अपील की है। उन्होंने मंच से स्कूल में काफी लंबे समय की मांग रही वाटर फिल्टर को जल्द से जल्द लगाने का आश्वासन भी दिया है। इस गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईंडियन ऑयल परिवार की ओर से आये निखिल टंडन ने अपने मधुर वाणी से जनभावना के प्रति लोगो को आगे आने की बात कही। वही लांयनेस क्लब कैबिनेट सचिव अनिता कपूर ने





मधुमेह रोग के विषय मे अनेको जानकारिया दी। वही उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम को लेकर लोगो मे जागरूकता लाने की बात भी कही है। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित लांयनेस क्लब के एरिया ऑफिसर लांयनेस लता अग्रवाल ने अपने उदबोधन में लांयनेस क्लब रायगढ सिटी के कार्यो को सराहा करते हुए। उन्होंने मानवता के नाते जनसेवा को मनुष्य का कर्तव्य बताया है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्यरूप से उपस्थित डॉ. काकोली पटनायक डॉ. कमल कांत, डॉ दिनेश पटेल ए.एम.ओ सेतराम पटेल, उमा यादव, विनोद प्रधान , डॉ. रजनी प्रधान नेत्र सहायक अधिकारी का विशेष सहयोग व योगदान रहा है। वही लांयनेस क्लब रायगढ सिटी अध्यक्ष किरण उरांव, लांयनेस क्लब चार्टर अध्यक्ष सी.बी.वर्मा, लांयनेस प्रभा चौबे, लांयनेस अलका जैन , लांयनेस अर्चना मिश्रा, के साथ साथ शासकीय हाई स्कूल किरोड़ीमल नगर प्रिंसिपल एम.एम.केरकेट्टा. एवं समस्त शिक्षको की सादर उपस्थिति रही हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480